## एक नजर में

### द शक्ति कलेक्टिव एक वर्ष पूर्ण होने का जश्न मना रहा

इंदौर. द शक्ति कलेक्टिव अपने पहले वर्ष के पूर्ण होने का जश्न मना रहा है. यह भारत का एक अनूठा सांस्कृतिक मंच है, जो संगीत, म्यूज़िकल्स, आर्टिस्ट डेवलपमेंट और आधुनिक कहानी कहने के क्षेत्र में कार्य करते हुए कलाकारों को खोजने, निखारने और उन्हें आगे लाने की प्रक्रिया को एक नई दिशा दे रहा है. पिछले एक वर्ष में, द शक्ति कलेक्टिव ने कई महत्वपूर्ण आईपीज़ और आर्टिस्ट-आधारित पहल विकसित की हैं. इस अवसर पर रोहित सोबती, क्यूरेटर एवं सह-संस्थापक, द शक्ति कलेक्टिव, ने कहा द शक्ति कलेक्टिव का उद्देश्य 'अनफोल्ड आर्टिस्ट फोर्स' को साकार करना है. हम मानते हैं कि हर कलाकार को अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुँचने का अवसर मिलना चाहिए. हमारा काम उन्हें पहचानना, उन्हें निखारना और उनके साथ मिलकर उनकी यात्रा को आकार देना है. हम एक ऐसा इकोसिस्टम बना रहे हैं जो कलाकारों को सीखने, पहचान बनाने, दर्शकों से जुड़ने और अपने काम को आगे बढ़ाने का अवसर देता है.

### स्मार्ट कूलिंग, स्मार्ट गर्मियां, कूल बचत

इंदौर. भारतीय गर्मियों के लिए सबसे अच्छा एसी चुनते समय, मुख्य बातों में तेज कूलिंग, एनर्जी की बचत, अचानक बढ़ती गर्मी के हिसाब से ढलना और स्मार्ट कंट्रोल शामिल हैं. सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज इन जरूरतों को पूरा करने के लिए ही बनाई गई है. यह एआई का इस्तेमाल कर कमरे के हालात और इस्तेमाल के तरीकों के आधार पर कूलिंग को एडजस्ट करती है, जिससे एनर्जी बचाते हुए आपको सबसे ज्यादा आराम मिलता है. सैमसंग के बीस्पोक एआई एसी में एआई ऑटो कूलिंग, एआई एनर्जी मोड और डिजिटल इन्वर्टर टेक्नोलॉजी शामिल हैं, जो असरदार और हालात के हिसाब से बदलने वाली कूलिंग देते हैं. इस्तेमाल के तरीकों और बाहर के हालात का विश्लेषण करके, ये एसी अपनी परफॉर्मेंस को बेहतर बनाते हैं और साथ ही एनर्जी की खपत को भी कम करते हैं, जिससे ये भारत की कभी भी बदलने वाली गर्मियों के मौसम के लिए एकदम सही हैं.

### डॉलर लहर ने गर्मियों में पेश किया अकल्पनीय ट्विस्ट

इंदौर. डॉलर लहर इस गर्मी के मौसम में एक नये अभियान के साथ उत्साह बढ़ा रहा है, जो हास्य, कल्पना और एक अप्रत्याशित साइ-फाई मोड़ का अनूठा मिश्रण है. जैसे ही इनरवियर श्रेणी अपने सबसे व्यस्त सीजन में प्रवेश कर रही है, ब्रांड एक हाईवे ढाबे की पृष्ठभूमि पर आधारित एक दिलचस्प कहानी लेकर आया है- जहाँ एक साधारण रात असाधारण मोड़ लेती है. इस अभियान के माध्यम से डॉलर लहर खुद को एक भरोसेमंद डेली एसेंशियल के रूप में मजबूती से स्थापित करता है, जिसे एक मनोरंजक और यादगार कहानी के जरिए पेश किया गया है. ब्रांड अभियान और इसके ब्रांड एंबेसडर के बारे में डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, विनोद कुमार गुप्ताने कहा, सैफ अली खान के साथ हमारे जुड़ाव ने ब्रांड को एक नई ऊंचाई दी है. उनकी हाजिरजवाबी और साख पुरुष दर्शकों के बीच बहुत लोकप्रिय है और यही जुड़ाव हमारे व्यापार की बढ़त में तब्दील हुआ है. इस साझेदारी की सबसे खास बात यह है कि उनका व्यक्तित्व हमारे ब्रांड की सोच के साथ पूरी तरह मेल खाता है, इसलिए इस साथ को आगे बढ़ाना हमारे लिए एक बहुत ही स्वाभाविक कदम था.

### शिलांग से डॉ. एके द्विवेदी को विशेष आमंत्रण



इंदौर. होम्योपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान के लिए इंदौर के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी को एक और महत्वपूर्ण सम्मान प्राप्त हुआ है. उत्तर-पूर्वी आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान, शिलांग द्वारा उन्हें विश्व होम्योपैथी दिवस 2026 के भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है. यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम 10 अप्रैल को शिलांग स्थित एनईआईएएच परिसर में आयोजित किया जाएगा, जो होम्योपैथी के जनक डॉ. सैमुअल हैनिमैन की 271वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है. इस वर्ष की थीम भारतीय होम्योपैथी: परंपरागत ज्ञान को ठोस एवं प्रमाणित विज्ञान में रूपांतरित करने की दिशा- रखी गई है, जो भारतीय होम्योपैथी की वैज्ञानिक प्रगति, अनुसंधान आधारित दृष्टिकोण एवं वैश्विक स्वीकार्यता को सशक्त रूप से प्रदर्शित करती है. संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) विजय कुमार द्वारा भेजे गए आधिकारिक आमंत्रण पत्र में डॉ. द्विवेदी से न केवल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है, बल्कि उनसे वैज्ञानिक सत्र में एक विशेष व्याख्यान देने का भी आग्रह किया गया है. इस सत्र में देशभर के फैकल्टी सदस्य, मेडिकल अधिकारी, पीजी छात्र एवं शोधार्थी भाग लेंगे, जिससे ज्ञान-विनिमय एवं नवाचार को नई दिशा मिलेगी. डॉ. ए.के. द्विवेदी का होम्योपैथी के क्षेत्र में, विशेष रूप से अप्लास्टिक एनीमिया, प्रोस्टेट कैंसर एवं जोड़ो के दर्द रीढ़ की हड्डियों में दर्द तथा त्वचा रोगों के उपचार में, योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उनके वर्षों के अनुभव, शोध कार्य एवं सामाजिक जागरूकता अभियानों ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान दिलाई है.

### जबलपुर रॉयल लायंस ने तैयार की निडर व संतुलित टीम

इंदौर. जबलपुर रॉयल लायंस ने आगामी सीज़न से पहले प्लेयर्स के ऑक्शन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है. टीम ने संतुलन, गहराई और मैच जीतने वाली बहुमुखी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एक सुव्यवस्थित और प्रतिस्पर्धी टीम तैयार की है. ऑक्शन का एक मुख्य आकर्षण राहुल बाथम को 3 लाख रुपए में रिटेन (टीम में बरकरार रखना) करना रहा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर राहुल बाथम, जो पिछले सीज़न में उप-कप्तान थे, टीम के मुख्य ढाँचे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बने हुए हैं. राहुल द्रविड़ के मार्गदर्शन में भारत की अंडर-19 टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके बाथम अपने साथ बहुमूल्य अनुभव, नेतृत्व और बेहतरीन ऑलराउंड क्षमता लेकर आते हैं. टीम के मालिक श्री आयुष लालवानी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा हमने इस साल एक निडर टीम बनाने का लक्ष्य रखा था और जो संतुलन हमने हासिल किया है, हमें विश्वास है कि ट्रॉफी उठाने का यह हमारा सही मौका है. टीम पूरी दिख रही है और हम अपने प्रशंसकों से वादा करते हैं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे और निडर होकर खेलेंगे.

### करण धनेलिया बने वर्ल्ड क्लास फाइनल्स के चैंपियन

इंदौर. इंदौर का प्रतिनिधित्व कर रहे करण धनेलिया को डियाजियो इंडिया के वर्ल्ड क्लास फाइनल्स (भारत, नेपाल और श्रीलंका) के 12वें संस्करण में बारटेंडर ऑफ द ईयर 2026 चुना गया है. भारत की सबसे प्रतिष्ठित बारटेंडिंग प्रतियोगिताओं में से एक यह मुकाबला गुरुग्राम के ले मेरिडियन में आयोजित दो दिवसीय फाइनल के साथ शानदार तरीके से संपन्न हुआ. फाइनल्स के दौरान इंदौर के एटेलियर वी से करण धनेलिया अपनी अलग पहचान बनाने में सफल रहे. इंदौर के एटेलियर वी में हेड मिक्सोलॉजिस्ट करण धनेलिया ने कहा वर्ल्ड क्लास जीतना मेरे लिए बहुत बड़ा क्षण है. इसके लिए मैंने कड़ी मेहनत की है और अब भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बेहद खास है. मुझे खुशी है कि मैं इंदौर को भारत के कॉकटेल मैप पर ला सका. डियाजियो इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट, कस्टमर मार्केटिंग, आंचल कौशल ने कहा इंदौर जैसे शहर से इस साल का विजेता सामने आना बेहद उत्साहजनक है और यह दर्शाता है कि वर्ल्ड क्लास प्लेटफॉर्म कितनी दूर तक पहुँच चुका है.

### जेके मैक्स पेंट्स ने अक्षय कुमार को बनाया ब्रांड एंबेसडर

इंदौर. जेके मैक्स पेंट्स ने बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है. यह रणनीतिक साझेदारी ब्रांड की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, क्योंकि कंपनी भारत के तेजी से बढ़ते डेकोरेटिव पेंट्स बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है. अक्षय कुमार की विश्वसनीयता, भरोसा और निर्भरता जैसे गुण जेके मैक्स पेंट्स के ब्रांड मूल्यों के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं. अक्षय कुमार का स्वागत करते हुए व्हाइट सीमेंट एवं पेंट्स के बिज़नेस हेड, नितिश चोपड़ा ने कहा यह साझेदारी जेके मैक्स पेंट्स को एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार ब्रांड के रूप में स्थापित करने की हमारी यात्रा का अहम् पड़ाव है. जैसे-जैसे हम नए बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, हमारा पूरा ध्यान ग्राहकों का भरोसा जीतने और उन्हें बेहतरीन परफॉर्मेंस वाले उत्पाद देने पर है. अक्षय कुमार की विश्वसनीयता और उनकी जबरदस्त लोकप्रियता हमारी ब्रांड स्टोरी को और भी प्रभावशाली बनाएगी.

### ट्रेजर आइलैंड मॉल में बीएसएफ की हथियार प्रदर्शनी

इंदौर. ट्रेज़र आइलैंड मॉल में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की ओर से एक विशेष हथियार और उपकरण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम 27 मार्च को हुआ, जिसमें लोगों को देश की सुरक्षा में इस्तेमाल होने वाले आधुनिक हथियारों और उपकरणों को करीब से देखने का मौका मिला. इस खास प्रदर्शनी में बीएसएफ द्वारा उपयोग किए जाने वाले अत्याधुनिक हथियार और फील्ड गियर को प्रदर्शित किया गया. इसका उद्देश्य आम लोगों को सुरक्षा बलों के कामकाज से परिचित कराना और उनके प्रति सम्मान व समझ को बढ़ाना था. यह पहल खासतौर पर युवाओं के लिए प्रेरणादायक रही. कार्यक्रम के जरिए उन्हें न केवल देशभक्ति का एहसास हुआ, बल्कि सेना में करियर बनाने के लिए भी प्रोत्साहन मिला. राष्ट्रीय सुरक्षा में इस्तेमाल होने वाली तकनीकों और उपकरणों को नजदीक से देखकर युवाओं में नई जागरूकता देखने को मिली. ट्रेज़र आइलैंड मॉल ने इस तरह के आयोजनों के जरिए खुद को केवल शॉपिंग डेस्टिनेशन तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि एक ऐसे सामुदायिक केंद्र के रूप में भी स्थापित किया है, जहां लोगों को अर्थपूर्ण और प्रेरक अनुभव मिलते हैं.

# बच्चों का तिलक लगाकर और पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

- शिक्षा के नए सत्र की शुरुआत
- इंदौर के स्कूलों में प्रवेश उत्सव

नवभारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर जिले में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत उत्साह और उमंग के साथ हुई. पहले दिन स्कूल पहुंचे नव प्रवेशित और अन्य विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के साथ स्कूल बैग, टिफिन और पानी की बोतल जैसी शैक्षणिक सामग्री भी वितरित की गई.**

'स्कूल चले हम' अभियान के अंतर्गत मुख्य कार्यक्रम सांदीपनी नवीन मालवा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महू नाका में प्रवेश उत्सव के रूप में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भोपाल से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और विद्यार्थियों को संबोधित किया. कार्यक्रम में विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़, कलेक्टर शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन तथा जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता भार्गव स्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे. मंत्री सिलावट ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया है. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता में प्रदेश को अग्रणी बनाना है. उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित स्कूल जाने और शिक्षा के माध्यम से जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया.






### आधुनिक तकनीकों को दिया जा रहा बढ़ावा

विधायक मालिनी गौड़ ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों का भविष्य सशक्त हो रहा है.

**4 अप्रैल तक चलेगा अभियान**-जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता भार्गव स्वामी ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान 1 से 4 अप्रैल तक चलाया जाएगा, जिसके तहत अधिक से अधिक बच्चों का स्कूलों में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा।

# मेट्रो के बड़ा गणपति स्टेशन में 16 बाधक मकान हटाने पर सहमति

- 8 परिवारों को दिया मुआवजा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मेट्रो रेल के बड़ा गणपति स्टेशन निर्माण में बड़ी बाधा खत्म हो गई है. मेट्रो स्टेशन के निर्माण में बाधक 16 परिवारों में से 8 परिवार को प्रशासन ने पुनर्स्थापन के चेक सौंप दिए है. खास बात यह है कि 3 परिवार स्वेच्छा से हटने को तैयार हो गए हैं.**

मेट्रो रेल के लिए बड़ा गणपति पर अंडर ग्राउंड लाइन के लिए स्टेशन निर्माण होना है. उक्त स्टेशन बड़ा गणपति पर शारदा कन्या स्कूल और वेयर हाउस के बीच बसे हुए थे. पीडब्ल्यूडी ने सर्वे करके बताया था कि 28 परिवार है और पीलिया खाल के 16 बाधक है. इसके बाद मेट्रो ने विस्थापन के लिए पुलिस और प्रशासन से सहयोग मांगा था. इसके एवज में मेट्रो रेल विभाग द्वारा 3 करोड़ रुपए एसडीएम के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं. इसके बाद कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर एसडीएम निधि वर्मा और तहसीलदार नारायण नांदेड़ ने स्टेशन में बाधक परिवारों को हटाने की कार्रवाई शुरू की. **तीन परिवार स्वेच्छा से हटने को तैयार**-आज बड़ा गणपति चौराहे पर स्थित वेयर हाउस के पास पीलिया खाल में बसे प्रति परिवार को 8.36 लाख रुपए के चेक देकर पुनर्विस्थापन की कार्रवाई की. 3 परिवार ने स्वेच्छा से हटने की शुरुआत कर दी है. उक्त कारवाई के बाद मेट्रो का बड़े गणपति पर प्रस्तावित स्टेशन निर्माण का काम शुरू हो जाएगा.



# नगर निगम को पिछले वर्ष से 155 करोड़ ज्यादा राजस्व मिला

- 1047 करोड़ राजस्व आय हुई, मगर जलकर एवं कचरा सहित अन्य शुल्क में पिछड़ा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कल समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में नगर निगम को सभी करों और अन्य बकायादारों से एक हजार करोड़ रुपए से ज्यादा राजस्व मिला है. पिछले साल 1 हजार करोड़ रुपए वसूली का खूब प्रचार प्रसार किया गया था, लेकिन आंकड़ा करीब 68 करोड़ रुपए कम प्राप्त हुए थे. खास बात यह है कि इस साल नगर निगम को जलकर, कचरा शुल्क सहित अन्य मदों से कम हुई है या इसको यूं भी कहा जा सकता है कि बकाएदारों ने टैक्स नहीं जमा किया.**



नगर निगम ने बीते वित्तीय वर्ष में 11 सौ करोड़ राजस्व आय का लक्ष्य निर्धारित किया था, लेकिन उस लक्ष्य को निगम का राजस्व अमला प्राप्त नहीं कर सका है. निगम इस भरोसे में भी था कि इस साल एमओएस की राशि वसूल कर 3 सौ करोड़ रुपए ज्यादा राजस्व आय अर्जित कर लेगा, लेकिन उसमें भी आम जनता के बीच विरोध पनपने के डर मामला अटक गया.

### बकायादारों से 25 करोड़ कम मिली आय

राजस्व प्रभारी निरंजनसिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट राजस्व संग्रहण करते हुए 1047 करोड़ रुपए से अधिक की वसूली की गई है. यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त 932 करोड़ राजस्व की तुलना में लगभग 155 करोड़ रुपए ज्यादा है. राजस्व प्रभारी ने बताया कि इस साल निगम को जलकर, भारी मात्रा में पानी, कचरा मार्केट, लायसेंस, कॉलोनी सेल, बिल्डिंग परमिशन एवं अन्य मद से शुल्क कम मिला हैं. हमको एक अनुमान के अनुसार बकायादारों से 25 करोड़ रुपए राजस्व आय कम मिली है.

# समय की पटरियों पर रतलाम मंडल की रफ्तार

- हासिल किया पहला स्थान

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय रेलवे में 98.44 प्रतिशत समयपालनता के साथ प्रथम स्थान हासिल किया. मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि 111 दिनों तक मेल एवं एक्सप्रेस ट्रेनों की 100 प्रतिशत समयपालनता दर्ज की गई, जो एक बड़ी उपलब्धि है. इस दौरान रेलवे अधिकारी मुकेश कुमार भी मौजूद रहे.**

माल परिवहन में मंडल ने 19.79 मिलियन टन लोडिंग कर 2.91 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की. मार्च 2026 में 7058 रेक और 2.14 मिलियन टन की रिकॉर्ड मासिक लोडिंग हुई, जबकि एक दिन में 1934 वैगनों के जरिए 1.22 लाख टन माल ढुलाई की गई. मालगाड़ियों की औसत गति 26.84 किमी प्रति घंटा रही. मेघनगर से जिप्सम और दाहोद से लाइमस्टोन की पहली बार लोडिंग शुरू हुई. 27 नए गंतव्यों और 22 नए ग्राहकों से 20.72 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिला. वाणिज्यिक क्षेत्र में यात्री आय 1167.51 करोड़ रुपये (12% वृद्धि) रही, जबकि कुल राजस्व 3411.25 करोड़ रुपये पहुंच गया. 51.10 मिलियन यात्रियों ने यात्रा की. रतलाम स्टेशन पर मिनी मॉल और प्रमुख स्टेशनों पर डिजिटल लॉकर सुविधा शुरू की गई.



### कई स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज बनाए

इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के तहत कई स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज, नया स्टेशन भवन, सबवे और ओवरब्रिज बनाए गए. नीमच-रतलाम दोहरीकरण अंतिम चरण में है. तकनीकी क्षेत्र में 224 किमी पर 'कवच' प्रणाली और ऑटोमेटिक सिग्नलिंग लागू की गई. 61 स्टेशनों पर सीसीटीवी लगाए गए और सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए गए. चिकित्सा सेवाओं में नए कैजुअल्टी कक्ष और एनएबीएल प्रमाणन मिला. रेलवे सुरक्षा बल ने 130 बच्चों को बचाया और यात्रियों की खोई वस्तुएं लौटाई.

# रजिस्टार कार्यालय ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ा, लेकिन लक्ष्य से 750 करोड़ कम रहा धनसंग्रह

### कम हुईं रजिस्ट्रियां

नव भारत न्यूज

**इंदौर. प्रदेश के सबसे ज्यादा राजस्व देने वाले इंदौर शहर में इस साल रजिस्ट्रार कार्यालय निर्धारित लक्ष्य को हासिल नहीं कर सका है. इस तय लक्ष्य से 760 करोड़ रुपए कम राजस्व आय हुई है. यह बात अलग है कि पिछले साल से ज्यादा राजस्व जरूर प्राप्त किया है.**

वैसे तो इंदौर प्रदेश और देश में स्वच्छता के साथ साथ कई मामलों में नंबर वन शहर की श्रेणी में है. मगर इस बार जमीन जायदाद के रजिस्ट्रियों के मामले मे पिछड़ गया है. सरकार ने इस साल स्थानीय पंजीयन विभाग को 3497 करोड़ रुपए राजस्व एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है. उस हिसाब से इंदौर पंजीयन कार्यालय निर्धारित लक्ष्य के प्राप्ति नहीं कर सका है. इस साल इंदौर पंजीयन विभाग को 1 लाख 90 हजार 796 दस्तावेज रजिस्ट्रीकरण से 2740 करोड़ रुपए राजस्व आय हुई है. यह पिछले साल के 2528 करोड़ रुपए से भले ही ज्यादा है. यह बात अलग है कि पिछले साल भी सरकार के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हुई थी. सरकार ने पिछले 24 - 25 में तीन हजार करोड़ रुपए पंजीयन विभाग को टारगेट दिया है और रजिस्ट्री से 2528 करोड़ रुपए आय हुई थी, यानि कि करीब 475 करोड़ रुपए पंजीयन विभाग को निर्धारित लक्ष्य से कम आय हुई. इस साल तो निर्धारित लक्ष्य की बात करे तो 760 करोड़ रुपए राजस्व वसूली कम हुई है. यही नहीं, पिछले साल के सरकार के 3 हजार करोड़ के लक्ष्य को भी प्राप्त नहीं कर पाएं है. हां, पिछले साथ से जरूर इस साल स्थानीय पंजीयन विभाग ने 212 करोड़ रुपए ज्यादा राजस्व आय अर्जित की है.

### तय लक्ष्य प्राप्त नहीं कर सके

जिला पंजीयक मंजुलता पटेल ने बताया कि पिछले साल के कलेक्शन से ज्यादा इस साल राजस्व आय अर्जित की गई है। सरकार के द्वारा तय लक्ष्य 3497 करोड़ को प्राप्त नहीं कर सके.

# संगोष्ठी में बताई लघुकथा लेखन की बारीकियां

**इंदौर.** विचार प्रवाह साहित्य मंच ने लघुकथा संगोष्ठी आयोजित की. आभासी माध्यम से हुई इस संगोष्ठी में इंदौर के साथ ही देश के अन्य शहरों के लघुकथाकार शामिल हुए और विभिन्न विषयों पर अपनी लघुकथाओं का पाठ किया. संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ लघुकथाकार देवेंद्रसिंह सिसौदिया ने लघुकथा लेखन की बारीकियों पर प्रकाश डालौ. वरिष्ठ लेखिका सुषमा दुबे ने नवोदित रचनाकारों के उत्साह की तारीफ की. स्वागत उद्बोधन में मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने परंपरागत विषयों के साथ ही नये और समसामयिक विषयों पर लघुकथा लेखन किए जाने पर जोर दिया. अंजू श्रीवास्तव निगम ने लघुकथा बुनकर, अरुणा खरगोनकर ने फुर्सत हो तो, सीमा पण्ड्या ने ब्रेनवाश, निशा बुधे झा ने टिफिन पार्टी, मित्रा शर्मा ने मित्र, धीरेन्द्र जोशी ने समर्पण, मनीषा जोशी ने लघुकथा बालमन का पाठ किया. इंदौर से अमिता मराठे ने लघुकथा आत्मसम्मान, भुवनेश दशोत्तर ने टैग, स्वाति श्रोत्री ने लघुकथा कल और आज का वाचन किया. संचालन धीरेंद्र जोशी ने किया. आभार माधुरी व्यास नवपमा ने माना. संयोजन डॉ. पूनम विशाल ज्वेल, निशा झा का था.

### विद्याधाम पर आज षोडशोपचार पूजन, अभिषेक व श्रृंगार

इंदौर. विद्याधाम पर हनुमान प्राकट्य उत्सव का आयोजन आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में 2 अप्रैल को सुबह 6 बजे षोडशोपचार पूजन, अभिषेक एवं श्रृंगार तथा प्रकटोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा. आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि सुबह आरती एवं प्रसाद वितरण व शाम को रामायण पाठ होगा.

# इंदौर की गुनिका शर्मा ने राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण

### *अब एशियन मंच पर दिखाएंगी दम*

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. राष्ट्रीय पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा के चौथे संस्करण में बेंगलुरु में इंदौर की गुनिका शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया. इस उपलब्धि के साथ अब वे एशियन पैरा ताइक्वांडो स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी.**

गुनिका शर्मा की यह सफलता संघर्ष और साहस की मिसाल है. मात्र तीन वर्ष की उम्र में मेड्युलोब्लास्टोमा (ब्रेन ट्यूमर) जैसी गंभीर बीमारी से जूझने के बाद उन्होंने जीवन की कठिन चुनौतियों को पार किया. 55 प्रतिशत शारीरिक अक्षमता और लगातार हार्मोन रिप्लेसमेंट थेरेपी के बावजूद उन्होंने खुद को एक उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया. नेशनल चैंपियनशिप के पी-35 पूमसे इवेंट में गुनिका ने बेहतरीन तकनीक, संतुलन और एकाग्रता का प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों को प्रभावित किया. रीढ़ की हड्डी की विकृति जैसी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद मैट पर उनकी सटीकता और आत्मविश्वास उनकी वर्षों की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है. अंतरराष्ट्रीय कोच मिथिलेश कैमरेकर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किया है. मध्य प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव सुनील भारती सहित सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों और कोच को इस उपलब्धि पर बधाई दी है.



**एक नजर में** — हनुमान जयंती पर रणजीत हनुमान मंदिर पर बनाया गया है केसरिया महल

# रणजीत मंदिर पर विशेष पूजा और आकर्षक साज सज्जा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की आस्था और श्रद्धा के प्रतिष्ठित केंद्रों में से एक रणजीत हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर विशेष पूजा होगी. मंदिर पर कल रात से ही बाबा का अभिषेक और रात में विशेष श्रृंगार किया जाएगा. सुबह 6 बजे महाआरती और प्रसाद वितरण होगा. साथ ही 7 अप्रैल को रणजीत हनुमान मंदिर पर चलित भंडारा आयोजित होगा.**

रणजीत हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि शहर में खजराना गणेश मंदिर के बाद सबसे बड़ी आस्था के केंद्र रणजीत हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती पर केसरिया महल बनाया गया है. कल रात 10 बजे से बाबा का अभिषेक शुरू हो जाएगा और देर रात 3 बजे तक विशेष श्रृंगार होगा. इस साल बाबा की हीरे जड़ित और नक्काशीदार विशेष ड्रेस सूरत से बन कर आई है, जो सुबह श्रृंगार में पहनाई जाएगी. पं. दीपेश व्यास ने बताया कि केसरिया महल आकर्षण का केंद्र रहेगा. साथ ही भक्तों के दर्शन की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसमें मंदिर के अंदर तीन स्टेप मंच और बाहर मैदान से अंदर प्रवेश करने तक रेलिंग लगाई गई है. बाहर मैदान में भी केसरिया टेंट के साथ ही भक्तों के लिए रेलिंग से लेकर मंदिर तक 40 कूलर और पूरे रास्ते में कारपेट लगाया गया हैं. वहीं भक्तों के लिए मैदान में लाइव दर्शन हेतु 3 एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिसमें भक्त लाइन में चलने के दौरान बाबा के लाइव दर्शन करते हुए मंदिर में प्रवेश करेंगे.





### चलित भंडारा 7 अप्रैल को

पं. व्यास ने कहा कि पुलिस और प्रशासन द्वारा भक्तों के दर्शन हेतु विशेष अमला तैनात किया गया है. भक्तों को मैदान से लेकर मंदिर तक ठंडे पानी, छाछ, शरबत और फ्रूट सलाद जैसी प्रसादी वितरण की जाएगी. खास बात यह है हनुमान जयंती का बाबा का चलित भंडारा 7 अप्रैल को आयोजित होगा, जिसमें 50 हजार पैकेट प्रसादी वितरण की जाएगी.